R E P O R T   R E S U M E S

ED 010 446 48
COURSE MATERIALS FOR ELEMENTARY INTENSIVE HINDI. VOLUME II.
BY- MCCORMACK, WILLIAM C.
UNIVERSITY OF WISCONSIN, MADISON
REPORT NUMBER NDEA-VI-221-2 PUB DATE 62
EDRS PRICE MF-$0.63 HC-$16.48 412P.

DESCRIPTORS- *HINDI, *INSTRUCTIONAL AIDS, *GLOSSARIES, BOOKS, *LANGUAGE INSTRUCTION, *LANGUAGE PATTERNS, LANGUAGE GUIDES, MADISON, WISCONSIN

THE MATERIALS IN THIS REPORT WERE COMPILED FOR USE AS INSTRUCTIONAL AIDS IN A TWO-SEMESTER COURSE IN ELEMENTARY HINDI, THE PRIMARY LANGUAGE OF INDIA. THE COMPILATION IS PRESENTED IN PRELIMINARY FORM AS ITS PRACTICAL USEFULNESS IN A CLASSROOM SITUATION WAS UNKNOWN AT THE TIME OF REPORTING. MATERIALS INCLUDE (1) CONVERSATIONAL UNITS ADAPTED FROM HENRY HOENIGSWALD'S "SPOKEN HINDUSTANI," (2) 11 CONVERSATIONS BASED ON INDIAN CULTURAL SITUATIONS, AND (3) GLOSSARIES TO 10 SELECTED READINGS IN HINDI SCHOOLBOOKS, AVAILABLE IN THE MEMORIAL LIBRARY OF THE UNIVERSITY OF WISCONSIN. (SEE ALSO ED 010 445.) (JH)

ED010446

U. S. DEPARTMENT OF HEALTH, EDUCATION AND WELFARE
Office of Education
This document has been reproduced exactly as received from the person or organization originating it. Points of view or opinions stated do not necessarily represent official Office of Education position or policy.

COURSE MATERIALS

FOR

ELEMENTARY INTENSIVE HINDI

VOLUME II

compiled by

WILLIAM C. McCORMACK

CONTENTS

[illegible] Supplementary materials for Semester I: conversations units 4 E 3 – 11 B [illegible] (EH adapted)

[illegible] Supplementary materials for Semester II: conversation units 15 [illegible] – 20 E b (EH adapted) together with questions over each conversation

[illegible] Eleven conversations based on Indian cultural situations

[illegible] Glossaries to the selected readings in Hindi schoolbooks available in the Memorial Library of the University of Wisconsin

Unit No 4 Section E Conversation No 3.

१ "मोहन तुम अगले इतवार को क्या करोगे ?"

२ "भाई अगले हफ्ते मेरी परीक्षा है।

३ इस लिये मुझे पढ़ना होगा।"

४ "तुम्हारा क्या प्रोग्राम है ?"

५ "मैं मे शहर से जा रहा हूँ।"

६ "मुझे वहाँ कुछ मशहूर जगहें देखनी हैं।"

७ "क्या तुम कार पर जाओगे या पैदल ?"

८ "मैं बस से जाऊँगा।"

९ "बस से शहर को जाने में कितना
वक्त लगता है?"

१० "जी आधा घंटा।"

११ "क्या तुम अपना खाना साथ ले
जाते हो?"

१२ "नहीं मैं वहाँ किसी होटल में खाता
हूँ।"

इतवार	Sunday
परीक्षा	Examination
मशहूर	famous
हफ़्ता	Week

Unit no 4 Sec E Conversation no 2

"Mohan what are you doing next Sunday?"

"I have my exams next week"

"[illegible] must study"

"[illegible] is your program?"

"[illegible] am going to the city."

"[illegible] want to see some famous [illegible]s?"

"[illegible] would you go by car or on foot?"

8. "I will go by bus."

9. "How much time it takes to go to the city by bus?"

10. "Half an hour."

11. "Would you take your meals with you?"

12. "No, (they) will eat in some hotel."

Unit 4 Sec. E No 4

१ "आइए जनाब, मैं आप की क्या सेवा कर सकता हूँ?"

२ "जी, मैं ख्याल में मेरा एक दोस्त आप के होटल में रहता है।"

३ "मैं उस से मिलना चाहता हूँ।"

४ "आप के दोस्त का क्या नाम है?"

५ "जी सतीश कुमार।"

६ "अच्छा, आप यहाँ इन्तज़ार करें मैं अभी देख कर बताता हूँ।"

७ "जी हाँ, सतीश कुमार यहाँ रहता है।"

८. "लेकिन इस वक्त वह अपने कमरे में नहीं है।"

९. "क्या मैं आप के लिये कुछ कर सकता हूँ?"

१०. "मेहरबानी कर के मुझे बताइए कि आप का शौचालय कहाँ है?"

११. "मुझे ज़रा हाथ मुँह धोना है।"

१२. "जी आप इन सीढ़ियों से ऊपर चले जायें, आप को बायीं ओर मिल जायेगा।"

१३. "धन्यवाद"

इन्तज़ार	To wait
जनाब	Sir
सीढ़ियाँ	Staircase
शौचालय	Toilet.

want me to [illegible]

[illegible]

I think a friend of [illegible]
living in your [illegible]"

[illegible]

Satish [illegible]

[illegible]

"Yes Satish Kumar is living here.
But he is not in his room
at this moment."

9 "Can I do something for you?"

10 "Please tell me where is your toilet?"

11 "I just want to wash."

12 "You may go upstairs and you will find it on your left hand side."

13 "Thank you"

Unit 5. Section E Conversation No I

१ "आईये जनाब, आप को क्या चाहिये

२ "मैं कुछ अंडे लेना चाहता हूँ।"

३ "जी, यहाँ इस टोकरी में बहुत
अंडे हैं

४ "आप को कितने चाहिये?"

५ "एक दर्जन।"

६ "एक दर्जन के कितने पैसे लोगे?"

७ "जी दो रुपये।"

८ "दो रुपये तो बहुत ज्यादह है।"

९ "जी नहीं मैं ने आप को ठीक
ठीक पैसे बताये हैं।"

२० "लेकिन मैं तो डेढ़ रुपया दे सकता हूँ।"

२१ "जी नहीं जनाब यह तो बहुत कम पैसे हैं।"

२२ "अच्छा तो मैं किसी और दुकान से ले लूँगा।"

२३ "बड़े शौक से लेकिन ऐसे अच्छे अंडे आप को और कहीं नहीं मिलेंगे

अंडा Egg
टोकरी Basket
दर्जन Dozen

Unit 5 Section E. Conversation No I

1 "Come in Sir, what do you want?"

2 "I want to buy some eggs."

3 "Here in this basket there are plenty of eggs."

4 "How many do you want?"

5 "One dozen."

6 "What is the price for one dozen?"

7 "Two rupees."

8 "Two rupees are too much."

9 "No Sir, I have asked you for the reasonable price."

10 "But I can give you a rupee and a half."

11 "No sir it is very small amount of money"

12 "Well, I will buy from some other store."

13 "With pleasure, but remember you will not find such good eggs any where else."

Unit 5 Section E Conversation No 2

1 "मैं, अपनी बहन से मिलना चाहती हूँ।"

2 "वह इस हस्पताल में है।"

3 "क्यों आप को उस से क्या काम है?"

4 "जी, मैं उस के लिये कुछ खाने की चीज़ें लाई हूँ।"

5 "आप की बहन का नाम क्या है?"

6 "सुमन कपूर।"

7 "आप का नाम क्या है?"

8 "राज कपूर।"

9 "आप उस से अभी नहीं मिल सकतीं।"

10 "क्यों कि अभी मिलने का वक्त नहीं है।"

11 "तो क्या मुझे वापिस जाना होगा।"

12 "आप एक घण्टा यहां इन्तजार कर लें।"

13 "उस के बाद आप उस से मिल सकती हैं।"

बहन Sister

इन्तजार To Wait

घण्टा Hour

मुझे जाना थाँ है।

Unit 5 Sec. E No 2

1 "I want to meet my sister."

2 "She is in this hospital."

3 "Why do you want to see her?"

4 "I have brought some food for her."

5 "What is the name of you sister?"

6 "Suman Kapoor."

7 "What is your name?"

8 "Raj Kapoor."

9 "You can't see her at this moment."

10 "Because it is not visiting hour."

11 "So Should I go back?"

12 "you may wait here for an hour.

13 "After that you can meet her."

Unit 7 Sec. E No 1

१. "दास जी मुझे शहर में जा कर कुछ चीज़ें खरीदनी हैं।"

२. "क्या आप मेरे साथ चलेंगे?"

३. "पाल जी, मुझे आप के साथ जा कर बहुत खुशी होती।"

४. "लेकिन मुझे घर में रहना होगा।"

५. "आप तो जानते हैं कि, मेरी बीवी बहुत दिन अस्पताल में बिमार रही है।"

६. "अब वह घर में तो आ गई है लेकिन अभी बहुत कमजोर है।

७ "इसलिये अभी घर का कोई भी काम नहीं कर सकती।"

८ "डाक्टर ने उसे आराम करने को कहा है।"

९ "इस लिये मैं आप के साथ बाहर मैं नहीं जा सकता।"

आराम Rest

कमज़ोर Weak

खरीदना To buy

बिमार ill

UNIT 7 Sec. E No 1

1 "Mr. Das, I want to go to the city to buy some things."

2 "Would you please go with me?"

3 "Mr. Paul, it would have been a pleasure for me to go with you."

4 "But I should stay at home."

5 "You know, my wife has been ill in the hospital for many days."

6 "Now she is home but she is very weak."

7 "Now she is home but she can't do the work of the house yet."

8 "Doctor has asked her to take rest."

9 "So I can't go to the city with you."

Unit 7 Sec. E No 4

1 "भाई हम बिरला मन्दिर तक कैसे पहुंच सकते हैं?"

2 "मेहरबानी कर के वहां तक का रास्ता बताओ।"

3 "आप यहां से बीस नम्बर की बस में बैठ जायें, वह आप को बिरला मन्दिर के सामने छोड़ देगी।"

4 "इस की इमारत बहुत बड़ी है।"
"यह बहुत मशहूर मन्दिर है।"

5 "वहां जा कर आप को पता चल जायेगा।"

६ "भाई क्या हम मन्दिर के अन्दर जा सकते हैं ?"

७ "जरूर ! लेकिन आप को अपने जूते उतारने होंगे।"

८ "जूता पहन कर मन्दिर के अन्दर नहीं जाना चाहिये।"

९ "अच्छा हम जूता उतार कर अन्दर जायें गे।"

१० "पाल, यह तो बहुत ही सुन्दर मन्दिर है।"

११ "हाँ भाई, लेकिन मुझे अब भूख लगी है।"

१२ "चलो कहीं खाने के लिये चलें।"

कठिन - शब्द
Difficult words.

इमारत	Building
जूता	Shoes
मशहूर	Famous
मन्दिर	Temple
भूखा	Hungry
सुन्दर	Beautiful.

Unit 7 Sec. E No 4

1 " Brother, how can we reach to the Birla temple."

2 " Please tell us the ~~r~~ way to go there."

3 " From here you can catch bus no 20 and that will leave you right in front of the Birla temple.

4 " It is quite a famous temple and has a big building."

5 " You will come to know when you reach there."

6 " Brother, can we go inside the temple."

7 "Sure, but you will have to take off your shoes."

8 "One should not go into the temple with shoes."

9 "Alright we will go in without shoes."

10 "Paul, it is a beautiful templ

11 "Yes, it is but I am hungry now."

12 "Let us go somewhere for a meal."

Unit ४ Sec. E No ३

१. "आईये दास जी, आप कैसे हैं?"

२. "धन्यवाद, मैं अच्छा हूँ।"

३. "आप के परिवार में सब ठीक हैं न?"

४. "जी हाँ, धन्यवाद।"

५. "क्या आप ने यह नया मकान खरीदा है?"

६. "जी हाँ, क्या आप देखना पसंद करेंगे?"

७. "जरूर।"

८. "यह हमारा बैठने का कमरा है।"

९. "यह हमारा खाने का कमरा है।"

१०. "यह हमारे सोने के कमरे हैं।"

११ "सोहन जी, भोजन के लिये धन्यवाद

१२ "क्या आप सिनेमा जाना पसन्द करेंगे

१३ "ख्याल तो अच्छा है।"

१४ "तो आओ चलें।"

- - - - - - - - - - - -

ख्याल	Idea
परिवार	Family
भोजन	Meal, dinner
मकान	House
पसन्द	Like

Unit 8 Sec. E No 2.

1 "Come in Mr Das, how are you?"

2 "Thank you, I am just fine."

3 "Is everybody else is fine in your family?"

4 "Yes, thank you."

5 "Have you bought your new house?"

6 "Yes, would you like to see?"

7 "Certainly."

8 "This is our living room."

9 "This is our dining room."

10 "These are our bedrooms."

11 "Thanks for the dinner, Mr. Sohan."

12 "Mr Das, would you like to go to the movie?"

13 "It is a good idea."

14 "Then let us go."

Unit 9 Sec. E No I

"क्या आप की कोई गाडी नैनीताल तक जाती है?"

२ "जी दिन में हमारी बहुत सी बसें वहाँ तक जाती हैं।"

३ "मैं और मेरा एक दोस्त वहाँ तक जाना चाहते हैं, क्या आप सब इन्तज़ाम करवा सकते हैं?"

४ "जी हाँ, ज़रूर।"

५ "सुबह पहली बस कितने बजे जाती है?"

"जी आठ बजे।"

७ "और वहाँ पहुँचती है कितने बजे?"

8 "जी दस बजे।"

9 "एक आदमी के आप कितने पैसे ले

10 "जी, पाँच रुपये।"

11 "आजकल वहाँ मौसम कैसा होगा?"

12 "जी सर्दी नहीं है।"

13 "मेरा मतलब गर्म कपड़े ले जाने चाहियें या नहीं?"

14 "एक, गर्म सूट ले लें तो अच्छा रहेगा।"

15 "धन्यवाद।"

Difficult words.

इन्तज़ाम	Arrangement
गाड़ी	Train
गर्म सूट	Woollen suit
मौसम	Weather
दस बजे	10 o'clock
सुबह	Morning.

Unit 9 Section E Conversation No I

1 "Is any of your trains goes up to Nainital?"

2 "Many of our buses go there in the day time."

3 "My friend and I want to go there Can you make all the arrangements?"

4 "Certainly"

5 "At what time the first bus leav[es] in the morning from this place?"

6 "Eight O'clock"

7 "And at, what time it reaches there?"

8 "It is 10 O'clock."

9 "How much you charge for one person?"

10 "Five rupees."

11 "How is the weather there now-a days?"

12 "It is not cold."

13 "I mean should we take woollen clothes with us or not?"

14 "I think it will be better if you take one suit with you."

15 "Thanks"

Unit 10 Sec. E Conversation no 1

१ "चलो फ़ातिमा बाज़ार चलें।"

२ "चलो भैय्या।"

३ "आइये जनाब मैं आप की क्या सेवा कर सकता हूँ?"

४ "देखो भाई मेरी इस छोटी बहन को अगले हफ़्ते से स्कूल जाना है

५ "इस से पहले वह कभी स्कूल नहीं गई।"

६ "तुम्हीं बताओ कि इस को कौन कौन सी चीज़ की ज़रूरत होगी।

७ "जी खाना ले जाने के लिये इस को एक अच्छा सा डिब्बा चाहिये,

कुछ तीन पैन्सिलें [illegible] [illegible]

[illegible], एक रबड़ [illegible]

[illegible] सा थैला

कुछ खाने के लिये [illegible]

[illegible] है ?

[illegible] पास [illegible]

[illegible]

१. "बहन कोई किताब पढ़ रही है।"

२. "मेज पर कुछ फूल रखे हैं।"

कोना	Corner
खूबसूरत	Beautiful
बहन	Sister
फूल	Flower

Unit 10 Section E No 2

1 " I am sitting in one of my friend's room."

2 " It is not a large room."

3 " There are two chairs and a small table."

4 " On one side there is a large study table."

5 " In one corner a beautiful television set is standing."

6 " Many books are lying on the table."

7 "My friend and his sister are also sitting in the room."

8 "My friend is taking tea."

9 "The sister is reading some bo

10 "Some flowers are lying on the table."

Unit 11 Section E Conversation No I

1 "मोहन तुम बसंत की छुट्टियों में मेरे साथ गाँव क्यों नहीं चलते ?"

2 "छोटी सी नदी के किनारे हमारा मकान है।"

3 "बसंत में तो तैरने का भी बहुत मज़ा ले सकते हैं।"

4 "वहाँ मेरे कुछ बहुत अच्छे और दोस्त भी हैं।"

5 "हम सब मिल कर शिकार खेलने भी जा सकते हैं।"

6 "तुम्हारा गाँव यहाँ से कितनी दूर है ?"

७ "सिर्फ़ पचास मील।"

८ "हाँ सोहन, ख्याल तो अच्छा है।"

९ "अच्छा मैं तो कल सुबह ही जा
रहा हूँ, तुम्हारी तो कल परीक्षा
होगी।"

१० "मैं तुम्हें अपना पता दे देता हूँ।"

११ "तुम को वहाँ जगह मिलने में कुछ
मुश्किल न होगी।"

१२ "धन्यवाद, मैं अगले इतवार को
वहाँ आऊँगा।"

Difficult Words

किनारा	Bank, Shore, Side
गाँव	Village
जगह	Place
तैरना	To Swim
नदी	River
मकान	House
परीक्षा	Examination
बसंत	Spring
पता	Address
मुश्किल	Difficult
शिकार खेलना	Hunting.

Unit 11 Section E No 1

1 "Susan why don't you come with me in the country in Spring vacations?"

2 "We have our house on the bank of a small river."

3 "In the spring time we can enjoy swimming."

4 "We have some other good friends there."

5 "We can go for hunting."

6 "How far is your village from this place?"

7 "Only fifty miles"

8 "It is a nice idea Sohan."

9 "Well I am leaving to-morrow morning but you have an examin

10 "I will give you my home addre

11 "You will not get any trouble in finding the place."

12 "Thanks, I will come there next Sunday"

१ "हाँ भाई, लड़ाई तो खत्म हो गई है।"

२. "अब क्या करने का विचार है?"

३. "देखो भाई मेरे पास पाँच सौ एकड़ ज़मीन है जो बहुत सालों से खाली पड़ी है।"

४. "तो क्या आप का ख्याल खेती करने का है?"

५. "जी हाँ गन्ने की खेती करने की सोच रहा हूँ।"

६. "आप की ज़मीन कहाँ है?"

७. "जी पंजाब में अमृतसर ज़िले में है।"

८. "अमृतसर से पचास मील दूर है।"

९. "यह तो आप जानते ही हैं कि चीनी की माँग के साथ ही साथ गुड़ की माँग भी बढ़ रही है।"

१०. "और एक मित्र ने कहा है कि गन्ने के लिए वह अच्छी से अच्छी स्वाद का इन्तज़ाम करवा देगा।"

११. "और वहां की ज़मीन भी बहुत उपजाऊ है।"

१२. "लेकिन पंजाब में तो गन्ना जनवरी में बोते हैं।

१३ तीन चार महीने के बाद खेत फिर खाली हो जाएंगे।"

१४. "तब हम आलू की खेती कर सकते हैं।

१५. "गन्ने की नालियों के बीच में प्याज़, चने और मटर बो सकते हैं।"

१६ "हम गन्ना शहर में भेज दिया करेंगे जहां गुड़ और चीनी बनाने के कारखाने हैं।"

१७. "आप का मेरी इस योजना के बारे में क्या ख्याल है ?"

१८. "देखिए आप की यह योजना तो बुरी नहीं

१९. "लेकिन अपने एक दोस्त की बात आप को बताऊँ गा।"

२०. "आज से चार साल पहले उस ने भी पंजाब में गन्ने की खेती शुरु की थी।"

२१. "पर बेचारे को काफी नुकसान रहा।"

२२. "पंजाब की आबोहवा के बारे में तो आप को पता ही है।"

२३. "वहाँ कभी तो ठीक मौसम में बरसात नहीं होती।"

२४. "कई, बार ज़रूरत के वक्त बारिश नहीं होती।"

२५. "और अगर बारिश होने लगी तो दो दिन में दस इंच हुई।"

२६. "ऐसी आबोहवा में खेती को नुकसान होता है।"

२७. "अक्सर देखा गया है कि पानी बरसने के साथ २ हवा भी तेजी से चलने लगती है और गन्ना गिर जाता है।"

२८. "गन्ना गिर जाने से रस भी ठीक नहीं रहता और छोटे २ जंगली जानवर उसे नुकसान पहुंचाते हैं।"

२९. "यह भी आप को पता है कि गन्ने की कटाई के बाद उस में रस बहुत जल्दी सूखने लगता है।"

३०. "अगर किसी वजह से कटा हुआ गन्ना दो या तीन दिन तक, कारखाने तक नहीं पहुँचा सकते तो, उस की कीमत बहुत कम हो जाए गी।"

३१. "इन सब मुश्किलों का सामना मेरे दोस्त को करना पड़ा था।"

३२. "अब बाकी सब आप खुद ही देख सकते हैं।"

३३. "अच्छा, धन्यवाद!"

३४. "मुझे अपनी इस योजना पर फिर से विचार करना होगा।"

Difficult words.

१	आबोहवा	Climate
२	आलू	Potatoes.
३	इन्तजाम	Arrangement
४	एकड़	Acres
५	कारखाना	मिल Mill.
६	खेती	Farming
७	खाद	Manure
८	गन्ना	Sugar cane
९.	चीनी	Sugar
१०.	चने	(Peas like) Gram
११.	जंगली	Wild
१२.	जमीन	Soil, Land.

१३. ज़िला District

१४ नुकसान Loss, harmful.

१५. प्याज़ Onions.

१६. बावन Fifty two

१७ बरसात, बारिश Rain

१८ मटर Peas

१९ माँग Demand

२० मुश्किलें Difficulties

२१. योजना Plan.

२२. रस Juice

२३ लड़ाई War.

२४ वजह Reason.

२५ विचार करना To think

२६ शहर City, town.

२७ सूखना To dry

२८ हवा Wind.

1 "Well, the war is over."

2 "Now, what do you think to do?"

3 "Well, I have five hundred acres of land which has not been ploughed for the last many years."

4 "Are you thinking of farming?"

5 "Yes, I am thinking to cultivate Sugar-cane

6 "Where is your land?"

7 "It is in district Amritsar in Panjab."

8 "It is about fifty two miles away from Amritsar."

9 "Along with the demand of Sugar the demand for molasses is also increasing."

10 "A friend of mine has assured me that he will arrange for the best manure for sugar-cane."

11. "And the land is also very fertile."

12 "But in Panjab the sugar cane is sowed in the month of January

13 "The fields will be free after three or four months."

14 "Then can cultivate potatoes."

15 "In between the rows of sugar-cane we can sow onions, grams and peas."

16 "We will transport sugar cane to the city where there are sugar-factories."

[illegible] you think about my project?"

[illegible] bad."

[illegible] to tell you [illegible]

[illegible]"

[illegible] ago he also started [illegible]

[illegible] Punjab."

[illegible] fellow suffered a [illegible]

[illegible]

[illegible] quite familiar with the

[illegible] Punjab."

[illegible] rains in time there."

[illegible] does not rain in the [illegible]

[illegible]

25 "And if it rains, it rains 10" in two days."

26 "This Climate is harmful for farming."

27 "It is usually seen that, along with the rain the strong winds blow and the Sugar-cane falls down."

28 "And with the falling of sugar-cane, the juice gets spoiled and also, the small Small animals ruin the crops."

29 "You know that when Sugar-cane is harvested its juice dries away very quickly."

30 "If by some reason it does not reach the factory the price goes down."

31 "My friend faced all these difficulties

32 "Now you can see everything by your-
self."

33 "Thank you."

34 "I will have to think over again on
my project."

"क्या आप को यहाँ की आबोहवा पसन्द है ?"

"आप के पास कितनी जमीन है ?"

"क्या आप के पिता जी खेती करते थे ?"

"आप चाय के प्याले में कितनी चीनी डालते हैं ?"

"क्या अमरीका में गन्ना नहीं होता ?"

"क्या आप के पास मोटर है ?"

"क्या आज बारिश हो गी ?"

"क्या आप की बेटी किसी बड़े शहर में रहती है ?"

"क्या आप [illegible] नहीं जाते ?

"क्या आप फौज में [illegible]

११. "क्या यह आप के दोस्त का कारखाना है?"

१२ "क्या इस जगंल में शेर भी हैं?"

१३ "क्या यहाँ गन्ने का रस नहीं मिलता?"

१४ "क्या बच्चे आलू बहुत पसन्द करते है?"

१. "मोहन जी, कल इतवार की छुट्टी कैसे रही।"

२. "जी बहुत खूब !"

३. "कल हम बुटैनिकल गार्डन चले गए थे।"

४. "क्या आप पहली बार वहां गए थे?"

५. "जी नहीं, मैं तो पहले भी कई बार जा चुका हूं।"

६. "लेकिन आज कल मेरे चाचा जी अपने परिवार सहित कानपुर से यहां कलकत्ता घूमने आए हैं उन को दिखाने के लिए हम भी सब गए थे।"

७. "यह गार्डन यहां से कितनी दूर है?"

८. "हुगली नदी के उस पार यह बाग़ हमारे घर से कोई तीस मील दूर है।"

९. "क्या आप मोटर-बोट से गए थे?"

१०. "जी नहीं हमारे पास अपनी दो कारें हैं।"

११ "वहाँ आप ने क्या क्या देखा?"

१२. "यह तो आप ने सुना ही होगा कि यह बाग़ मीलों लम्बा चौड़ा है।"

१३ "जी हाँ"।

१४ "वहाँ नए पुराने कई किस्म के पेड़ आप को देखने को मिलें गे।"

१५ "इस बाग़ में कई कुदरती झीलें भी हैं।"

१६ "वहाँ पर सैंकड़ों साल पुराना बरगद का पेड़ भी है जिस को देखने के लिए हम लोग गए थे।

१७. "इस पेड़ की क्या तारीफ़ है?"

१८ "असल में यह एक पेड़ न हो कर बीसियों पेड़ हैं जिन की टहनियां आपस में इस तरह मिल गई हैं कि वहाँ ऊपर एक जाल सा बन गया है।"

१९. "इन छोटे बड़े सभी पेड़ों की जड़ें ऊपर से लटकती हुई ज़मीन में इस तरह धंस गई हैं कि अब तक किसी को यह पता नहीं चल सका कि सब से पहले कौन सा पेड़ पैदा हुआ।"

२०. "यह पेड़ कितना बड़ा है?"

२१. "यह एक बड़े गोल दायरे में है।"

२२. "इस की टहनियां दिन पर दिन फैलती जा रही हैं।"

२३ "और आप ने वहाँ क्या देखा ?"

२४ "हम ने वहाँ गर्मी का आराम घर भी देखा।"

२५ "यह कैसा घर है ?"

२६ "गर्मी की मौसम में भी अन्दर से बिल्कुल ठंडा रहने वाला यह छोटा सा घर है।"

२७ "इस की छत और दिवारें भी फूल पत्तों से बनी हैं।

२८ "तेज धूप में चलने के बाद जब हम लोग अन्दर गए तो वहाँ, बहुत अच्छा लगा और फूलों की, हल्की हल्की खुशबू आ रही थी।"

२९ "क्या आप दिन भर बाग में रहे ?"

३० "जी हां, हम खाने पीने की सब चीज़े अपने साथ ले गए थे।"

३१ "वहां एक ~~घने~~ पेड़ की घनी छाया में बैठ कर खाना और ताश भी खेली।"

३२ "शाम को वहीं झील में किश्ती चलाई।"

३३ "आप ने तो सचमुच खूब छुट्टी मनाई।"

३४ "जी हां, हमारी यह पिकनिक काफी अच्छी रही।"

Difficult Words.

१.	असल में	In fact
२.	इतवार	Sunday
३.	कुदरती	Natural
४.	किश्ती चलाना	Boating
५.	खुशबु	Fragrant
६	गर्मी का घर	Summer-house
७.	गोल दायरा	Circle
८.	चाचा	Uncle
९.	छत	Roof
१०.	छाया	Shadow
११	ज़मीन	Earth
१२.	जड़ें	Roots
१३	जाल सा	Like a net.

१४. झील Lake

१५. टहनियाँ Branches

१६. ताश Cards

१७ तारीफ़ Importance

१८ दिन पर दिन Day by day.

१९ दिवारें Walls

२० पत्ते Leaves

२१ पेड़ Tree

२२ परिवार सहित With family

२३ फूल Flowers

२४ बरगद Banyan

२५ सैंकड़ों Hundreds

1 "Mohan, how did the vacation go yesterday

2 "Pretty well."

3 "We went to Butenical Garden."

4 "Did you go there for the first time?"

5 "No, I had been there so many times before."

6 "But now-a-days my uncle and his family is here from Kanpur to see Calcutta. So we went with them to show the garden.

7 "How far is this garden from this place?

8 "On the other side of Hugli it is about thirty miles from our home."

9 "Did you go there by motor-boat ?"

10 "No, we have our own two cars."

11 "What did you see there ?"

12 "You must have heard at least that this garden is spread in many miles."

13 "Yes".

14 "There, you will find many kind of old and new trees."

15 "There are many natural lakes also."

16 "We went to see the Banyan tree which is hundreds of years old."

17 "What is the significance of this tree?"

18 "Actually, it is not one tree but, a group of many trees, whose branches are entangled in each other, in such a way that they form into a net.

19 "The roots of all these big and small trees, hanging from the top go deep down into the earth, in such a manner that, no body until now has been able to find out which is the original tree."

20 "How big is this?"

21 "It is in a quite large circle."

22 "And day by day its branches are spreading all around."

23 "What else you saw there?"

24 "We saw the 'Summer-house'."

25 "What kind of a house is this?"

26 "This is a small house which remains cool even in summer time."

27. "Its roof and walls were also made of flowers and leaves."

28 "After walking in the sun when we entered this house it was real soothing. There was mild sweet fragrance of flowers."

29 "Were you in the garden for the whole day?"

30 "Yes, we carried our own meals."

31 "We took our meals under the thick shadow of a tree and played cards."

32 "In the evening, we enjoyed boating in the lake."

33 "Well, you enjoyed the holiday."

34 "Yes, we had a nice picnic."

१. "क्या आप आज बगीचे में जायेंगे ?"

२. "क्या आप कल बगीचे में गये थे ?"

३ "क्या आप के घर में कुछ फूल हैं ?"

४ "इस पेड़ के पत्ते लाल क्यों हैं ?"

५ "इस पेड़ की टहनियाँ इतनी पतली क्यों है ?"

६ "क्या आप को किश्ती चलाना आता है ?"

७ "इस झील का नाम क्या है ?"

८ "क्या सर्दी की वजह से सब पेड़ों से पत्ते गिर रहे हैं ?"

९ "क्या आप को भी फूलों की खुश्बू से प्यार है ?"

२० "इस कमरे की लम्बाई कितनी है?"

२१ "इस कमरे की चौड़ाई कितनी है?"

२२ "क्या आप अपने परिवार सहित बम्बई जाएँगे?"

२३ "क्या आप के चाचा जी डाक्टर हैं?"

२४ "क्या आप का घर नदी के किनारे पर है?"

२५ "आप को गर्मी का मौसम पसन्द है या सर्दी का?"

Unit 16 E (a)

१. सम्पादक " आप ने हिन्दुस्तान की कौन कौन सी मशहूर जगहें देखी हैं ?"

२ " जी, यात्रा करने का शौक तो मुझे बचपन से ही है

३ " कश्मीर, बम्बई, बंगलोर, मद्रास और कलकत्ता तो मैं कई बार देख चुका हूँ।"

४ " इस के इलावा मध्य-प्रदेश, उत्तर-प्रदेश और उड़ीसा देखने का भी मुझे मौका मिला है।"

५ " उत्तर-प्रदेश में आप ने क्या देखा ?"

६ " असल में मैं उन दिनों भारत के नये पुराने मन्दिरों पर की गई चित्रकला पर एक किताब लिख रहा था।"

७ " इस लिये मथुरा, बृन्दाबन, इलाहाबाद और बनारस गया था।"

८ "क्या आप ने और भी कोई किताब लिखी है ?

९ "जी हां कश्मीरी लोगों के जीवन के बारे में भी मैं ने एक किताब लिखी है।"

१० "इंगलैंड के इलावा क्या और कोई देश भी आप ने देखा है ?"

११. "जी हां, कैम्ब्रिज में पढ़ते हुए एक बार मैं फ्रान्स और स्पेन भी गया था।"

१२. "भारत में पहले चुनाव कब हुए थे ?"

१३ "१९५२ में"

१४ "भारत में अमरीकी राजदूत कौन है ?"

१५ "जान कैनेथ गैलब्रेथ"।

१६ "पंजाब में सब से ज्यादह पैदावार किस की होती है ?"

१७ "गेंहू"

२८ "क्या इस से पहले भी आप ने किसी सम्वाददात का काम किया है?"

२९ "जब मैं कैम्ब्रिज में था तो हिन्दुस्तानी विद्यार्थि का एक अखबार छपता था।"

३० "मैं दो साल तक उस का सम्पादक रहा हूं।"

३१. "आप को फोटोग्राफी का शौक है?"

३२. "जी हां, मैं ने बम्बई के एक अच्छे स्कूल में एक साल तक फोटोग्राफी की शिक्षा ली है।"

३३. "अच्छा शर्मा जी, मैं आप की सब बातों पर विचार करूं गा।"

३४ धन्यवाद।

कठिन - शब्द
Difficult words.

1	चित्रकला	Painting
2	चुनाव	Elections
3	जीवन	Life
4	बचपन	Childhood
5	मौका	Opportunity
6	यात्रा	To travel
7	राजदूत	Ambassadors
8	शिक्षा	Education
9	सम्पादक	Editor
10	सम्वाददाता	Correspondent.

1 Editor, "which famous places have you visited in India ?"

2 "I am very fond of travelling even from my Child-hood."

3 "I visited Calcutta, Bombay, Banglore, and Madras so many times."

4 "Besides these cities, I got an opportunity to see Madhya-Pradesh, Uttar-Pradesh and Orrissa."

5 "What did you see in Uttar-Pradesh ?

6 "In fact those days I was writing a book about the paintings in the old and new tamples of India."

7 "That is why I went to Mathura, Brindaban, Allahabad and Banaras."

8 "Have you written any other book?"

9 "Yes, I have written a book about the life of People of Kashmir."

10 "Have you seen any other foreign country besides England?"

11 "While studing at Cambridge, once I went to France and Spain."

12 "When were the first elections held in India?"

13 " In 1952."

14 "Who is America's ambassador to India?"

15 "John Galbraith."

16 "Which is main growing crop in (of) Panjab?"

17 "Wheat."

18 "Have you ever worked as an Correspondent before this?"

19 "When I was at Cambridge a paper used to publish by Indian students."

20 "And I had been an editor there for two years."

21 "Are you interested in photography?"

22 "Yes, and got training in photography in a very good school of Bombay."

23 "Alright Mr Sharma I will think over all these things."

24 "Thank you."

Q. 16 E (a)

१ "आप को कौन सा समाचार-पत्र पसन्द है?"

२ "क्या आप इस समाचार-पत्र के संपादक हैं?

३ "क्या आप का कोई संवाददाता है?"

४ "क्या उस को यात्रा करने का बहुत शौक है?

५ "क्या आप को अपने बचपन की कोई मजेदार बात याद है।"

६ "क्या आप भारत की चित्रकला के बारे में कुछ जानते हैं?"

७ "वह किस देश का राजदूत है?"

८ "क्या यह साप्ताहिक पत्र है?"
(weekly)

९ "क्या गरीबी की वजह से उसे पढ़ने का मौका नहीं मिला?"

१० "क्या आजकल भारत में चुनाव हो रहे हैं?"

Unit - 16 E (b)

१ "देखो जी, आप मुझे ज़्यादह धोखा नहीं दे सकते, आप ने टिकट लिया ही नहीं है।"

२ "नहीं बाबू जी, मैं सच कहता हूँ कि मेरा टिकट कहीं खो गया है।"

३ "टिकट खो जाने के लिये मैं जिम्मेवार नहीं।"

४ "आप को और टिकट लेनी होगी।"

५ "लेकिन मेरे पास तो इतने पैसे भी नहीं।"

६ "अगर ऐसी बात है तो मैं आप को अगले स्टेशन पर उतार दूँगा।"

७ "नहीं बाबू जी, मेहरबानी कर के ऐसा न करें।"

८ "मेरा बच्चा बिमार है और मुझे आज शाम तक ज़रूर लखनऊ पहुँचना है।"

९ "मैं कुछ भी नहीं सुनना चाहता।"

१० "या तो आप टिकट ले लें या मैं आप को
अगले स्टेशन पर स्टेशन-मास्टर के पास
छोड़ दूँ गा।"

११. "अब तैयार हो जाओ, अगला स्टेशन आने
वाला है।"

१२. "नमस्ते, स्टेशन-मास्टर साहिब"।

१३ "नमस्ते, यह अपने साथ आज किस
को लाये हो?"

१४ "जी, यह बिना टिकट के ही दिल्ली से
लखनऊ जाना चाहते हैं।"

१५. "नहीं साहिब मैं ने टिकट खरीदा था
लेकिन जाने कैसे खो गया है।"

१६ "अब हमारे पास तो कोई प्रमाण नहीं
कि आप ने टिकट खरीदा था।"

१७ "देखो साहिब पन्द्रह रुपये के लिये मैं
झूठ नहीं बोल रहा।"

१८. "अभी मेरे पास इतने रुपये नहीं वरन् अभी आप को दे देता।"

१९. "देखो जी इतनी लम्बी कहानी सुनने का हमारे पास वक्त नहीं।"

२०. "जानते हो बिना टिकट के सफर करने की सज़ा क्या है?"

२१. "सब जानता हूँ साहिब लेकिन अब मजबूरी में कुछ नहीं कर सकता।"

२२. "आप मेरी एक बात सुने गे?"

२३. "कहो।"

२४. "मैं आप के पास अपनी यह घड़ी रख देता हूँ और घर पहुँचते ही रुपये भेज दूँगा।"

२५. "अच्छा ठीक है, मैं तुम पर एतबार करता हूँ। तुम अच्छे घराने के नजर आते हो।

२६. "अपना पता लिख कर रख दो ताकि जब मुझे रुपये मिल जायें गे तो यह घड़ी तुम्हे भेज सकूं।"

२७. "बहुत बहुत धन्यवाद।"

२८. "जल्दी करो गाड़ी छूटने का वक्त हो गया है।"

कठिन - शब्द
Difficult words.

१	एतबार	Confidence
२	कहानी	Story
३	खोना	Lose
४	ज़िम्मेवार	Responsible
५	घराना	Family
६	धोखा	Deceive
७	पता	Address
८	सज़ा	Punishment

1 "Now listen, you can not deceive me any more." You did not buy the ticket."

2 "No Sir, I am telling you the truth that I have lost it some where."

3 "I am not responsible for that."

4 "You must have to buy another one."

5 "But I do not have sufficient money."

6 "If this is the fact, I will ask you to get off the train at the next station."

7 "Please sir do not act like that."

8 "My child is sick and I must reach Lucknow by this evening."

9 "I do not want to listen any thing."

10 "Either you buy the ticket or I will take you to the station-master at the next station."

11 "Now be ready the next station is not far-off."

12 " Good-morning, Station-master."

13 "Good-morning, whom have you brought to-day?"

14 "The fellow wants to travel from Delhi to Lucknow without ticket."

15 "No Sir, I bought the ticket but it is lost some where."

16 "But we do not have any proof that you had a ticket."

17 "Sir, I am not lying for sake of only fifteen rupees."

18 "I do not have enough money at this moment otherwise I would have given you."

19 "We do not have so much time to hear this long story."

20 "Do you know the penality for travelling without ticket?"

21 "I know everything but I am helpless now."

22 "Will you please listen to me only once.?"

23 "yes."

24 "I am ready, to leave my wrist-watc[h] with you and as soon as I reach home, I will you the money."

25 "Alright, I believe in what you say. It seems to me that you belong to a good family."

26 "Leave you address in writing so that, I am be able to send you the watch, when I get the money."

27 "Thanks very much."

28 "Hurry up the train is about to leave."

Questions. 16 E (b)

१. "क्या आप ने टिकट खरीद लिया है?"

२. "क्या आप हमेशा तीसरे दर्जे में सफर करते हैं?

३ "क्या बिना टिकट के सफर करना जुर्म है?"

४ "क्या छोटे स्टेशनों पर यह गाड़ी नहीं रुकेगी।

५ "क्या आप को शोर की वजह से गाड़ी में नींद नहीं आती?"

६ "क्या आज गाड़ी लखनऊ देर से पहुँचेगी?"

७ "क्या उस ने अपने दोस्त को धोखा दिया?

८ "क्या आप की घड़ी ठीक काम करती है?"

९ "क्या झूठ बोलना पाप है?"

१० "क्या उस के माँ बाप उसे पढ़ने के लिये मजबूर करते हैं?"

११. "क्या उसे झूठ बोलने की आदत है?"

१२. "क्या आप को उस की बात पर एतबार नहीं?"

२३ "क्या आप को यह कहानी पसन्द है?"

२४ "आप के पास क्या प्रमाण है कि उस ने अपने मित्र को मारा है?"

२५ "क्या आप ने कभी कोई कहानी लिखी है?"

१ "आईए जनाब मैं आप की क्या सेवा कर सकता हूं ?"

२ "कुछ दिन हुए मैं ने यह टोपी यहां से खरीदी थी, अब उसे बदलना चाहता हूं।"

३ "आप क्यों बदलना चाहते हैं ?"

४ "इस की दो वजह हैं।"

५. "एक तो यह मेरे सिर के लिए छोटी है।"

६ "और दूसरी ?"

७ "दूसरी यह कि मेरी बीवी ने ठीक ही बताया है कि मेरे कोट के साथ कुछ जचती नहीं।"

८ "क्या आप को कुछ याद है कि इसे कब खरीदा था ?"

९ "जी कोई एक हफ़्ता पहले।"

१० "यह देखिए इस की पर्ची है।"

११ "यह टोपी तो पहनी हुई दिखाई दे रही है।"

१२ "मैं ने सिर्फ़ एक दिन ही इसे पहना था।"

१३ "जी ऐसी चीज़ को बदल कर देना हमारा दस्तूर नहीं।"

१४ "लेकिन ऐसा तो आप उस हालत में करें जब कि चीज़ ख़राब हो।"

१५ "देखिए जनाब, जब आप ने उस पर काग़ज़ उतार कर फेंक दिया और एक, पूरा दिन पहने रखी, तब भी आप उसे नया कहते हैं?"

१६ अगर आप को उस में कुछ ख़राबी

"नज़र नहीं आ रही तो, बदल कर दुबारा
देने में क्या हर्ज है?"

२७ "क्या खरीदते वक्त आप ने पहन कर
ठीक से जाँच की थी?"

२८ "जी हाँ"

२९. "मैं नहीं, अगर आप ने पहले ठीक से
देखी होगी तो अब यह आप के सिए
के लिए कही नहीं होती?"

३० "हो सकता है मैं ने जल्दी से काम
लिया हो।"

३१ "अगर हम ऐसे ही पहनी हुई चीज़ें
बदल बदल कर देते रहे तो, हमारा
तो कारोबार बन्द हो जाए गा।"

३२ "अच्छा एक बार एक ग्राहक आप से

[illegible] पसंद की [illegible] नहीं [illegible]
[illegible] आप समझते हैं [illegible]
[illegible] के पार [illegible]
[illegible] यह है [illegible]
[illegible] यह [illegible]
[illegible] करे [illegible]
लेकिन इस में [illegible]
है ?
[illegible] श्री राम [illegible]
[illegible] कि वह [illegible]
[illegible]
[illegible] मैं [illegible]
[illegible] हूँ ।
[illegible] कि [illegible]

२९. "अच्छा जनाब, अब तो मैं इसे बदल कर दे देता हूँ।"

३० "लेकिन हमारी दुकान का दस्तूर नहीं।"

३१. "और माफ़ करना आगे से हम ऐसा नहीं करें गें।"

३२. "आप की मेहरबानी है।"

Difficult words.

१ कारोबार Buisness.

२ खरीदना To purchase

३ ख्वाहिश Desire

४. खराब Dirty, bad

५. ग्राहक Customer

६ जचती नहीं Does not go well

७ जाँच Inspection

८ टोपी Hat

९ दस्तूर Custom

१० नया New.

११ पर्ची Slip

१२. बीवी Wife.

१३. बदलना To exchange.

१४ माफ़ करना Excuse me.

१५. मजबूरी Compulsion

१६. याद करना To remember.

१७ वजह Reason

१८ सिर Head

१९ हफ़्ता Week

२० हर्ज Harm

1 "Come in Sir, what can I do for you?"

2 "Some days back, I had purchased this hat from your store, I want to exchange it for another one now."

3 "Why do you want to change it?"

4 "There are two reasons."

5 "First it is a little bit bigger for my head."

6 "And the other?"

7 "My wife, is right in telling me that it does not go with my coat."

8 "Do you have any idea when did you buy this?"

"Yes, about a week back."

"Here is the slip".

"The hat looks as if has been used."

"I put it on only for one day."

"Well it is not our custom to exchange such things."

"But you can say this only when something is in bad condition."

"Look when you take off the wrapper and put it on, for one whole day and then you dare to say it new?

But if you apparently see nothing wrong with it, then what is harm in exchanging it?"

17 "Did you try it carefully before buying it?

18 "Yes."

19 "I do not think so. If you had tried it carefully it would not have been bigger for your head."

20 "It is just possible I might have done in a hurry."

21 "If we go on exchanging used things like this our business will come to an end."

22 "But if a customer is not satisfied do you think he will come here again."

23 "Sir, this is a simple thing."

24 "Now who would like to take this used hat ?"

25 " But it is not Spoiled."

26 "Even then it is everybody's desire to buy nice new things."

27 "I am here compelled by certain things."

28 "This hat is too big for me".

29 " Alright sir. I will exchange this for another one for you this time."

30 "But it is not our custom."

31 "And excuse me, if I say that, we will not repeat it again."

32 " It is nice of you".

१ "क्या आप को यह टोपी पसन्द है ?"

२ "क्या आप यह टोपी बदलना चाहते हैं ?"

३ "क्या आप के सिर में दर्द हो रही है ?"

४ "क्या आप के पास काले रंग का कोट है।

५ "क्या इस कोट के साथ बाहेर रंग की कमीज़ नहीं जचती ?"

६ "क्या आप को नया जूता काट रहा है ?"

७ "क्या आप की बीवी भी किसी किसी दफ़तर में काम करती है ?"

८ "क्या आप को याद है कि आप न्यूयार्क कब आए थे ?"

९ "क्या पिछले हफ़्ते आप की परीक्षा थी ?"

१० "अगर आप आज उसे न मिल सके तो क्या कुछ हर्ज होगा ?"

११. "क्या उसे अपना नया काम पसन्द है ?"

१२ "क्या खाने से पहले हाथ धोना आप का दस्तूर नहीं ?"

१३ "क्या पुलीस ने उस के कमरे की जाँच की ?"

१४ "आप का कारोबार कैसा चल रहा है ?"

१५ "क्या आप की ख्वायश है कि सारी दुनिया देखें ?"

१ "मोहन आज तुम उदास क्यों नज़र आ रहे हो ?"

२. "तुम्हारी तबीयत तो ठीक है ?"

३. "क्या बताऊँ सोहन भाई बड़ी मुश्किल में हूँ।"

४. "क्यों क्या बात हो गई ?"

५. "क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद कर सकता हूँ ?"

६. "आज पिता जी का पत्र आया है कि मेरी छोटी बहन बिमार है।"

७. "उस के गले का आपरेशन हुआ है।"

८. "उस को देखने के लिए मुझे लखनऊ जाना है।"

९. "लेकिन मेरे पास दस रुपये भी नहीं जो वहाँ तक जा सकूँ।"

१०. "और वेतन मिलने में अभी पाँच दिन बाकी हैं।"

११. "तब तो तुम्हें सचमुच परेशानी हो गई।"

१२. "क्या तुम मुझे कुछ रुपये उधार दे सकते हो ?"

१३ "मोहन भाई, तुम्हारी मदद करना मेरा फर्ज़ है।"

१४ "लेकिन मेरे सामने और इतनी मुश्किलें हैं कि क्या कहूँ।"

१५ "तुम अकेले के पास जब कुछ पैसे नहीं बचते तो हमारी हालत तुम सोच ही सकते हो।"

१६ "हम तो बीवी बच्चों वाले हैं।"

१७ "पिछले महीने भी मकान का किराया नहीं दिया।"

१८ "अगर अब भी नहीं दूँगा तो मालिक-मकान वहाँ से निकाल देने की धमकी देगा।"

१९. "लेकिन मैं तुम्हें वेतन मिलते ही लौटा दूँगा।"

२०. "पर मेरे पास अब भी तो कुछ नहीं तुम्हें देने को।"

२१. "सर्दी का मौसम आ गया है। कल बच्चों के लिए कुछ गर्म कपड़े खरीदने हैं।"

२२. "अच्छा जाता हूँ शायद राम कुछ मदद कर दे।"

२३ "आओ मोहन कैसे आना हुआ?"

२४. "यह तो तुम्हें पता ही है कि मेरी बहन बिमार है।"

२५ "मैं उसे देखने जाना चाहता हूँ।"

२६ "क्या तुम मुझे कुछ रुपये उधार दोगे?"

२७ "मोहन भाई, तुम्हारी मुसीबत में मदद कर के मुझे खुशी होती।"

२८ "पर क्या करूँ अपने खाने के लिए भी मुश्किल से पैसे बचाता हूँ।"

२९. "जब इस गर्मी में पंजाब में बाढ़ आई तो हमारी सारी फ़सल ख़राब हो गई।"

३०. "इस लिए आधा वेतन तो हर महीने घर भेज देता हूँ।"

३१. "हाँ, अभी मेरे पास सुबोध आने वाला है उस से बात कर देखो।"

३२. "लो वह आ भी गया।"

३३. "सुबोध, आज अगर तुम से कुछ रुपये मांगू तो दोगे?"

३४. "रुपये मुझ से?"

३५. "मैं तो खुद ही तुम से यही बात कहने वाला था।"

३६. "मेरे छोटे भाई की शादी है।"

३७. "पिता जी को एक हजार रुपया देने का वायदा किया था लेकिन पांच सौ से ज्यादह जमा नहीं कर सका।"

३८. "और आज रात की गाड़ी से मुझे जाना भी है।"

३९. "अच्छा भाई बहुत बहुत धन्यवाद।"

Difficult words.

१. आधा-वेतन Half of the Salary.

२. उदास Sad.

३. उधार To borrow

४. एक हज़ार One thousand

५. किराया Rent

६. गर्म कपड़े Woollen clothes

७. गला - Throat

८. चेतावनी Warning

९. परेशानी Confusion, Perplexity.

१०. पत्र Letter

११. फ़र्ज़ Duty

१२. फसल Crops

१३. बाढ़ Flood.

१४.	बिमार	Ill.
१५.	बीबी	Wife.
१६.	बच्चे	Children
१७.	मकान	House.
१८	मालिक- मकान	Land- lord.
१९.	मौसम	Weather, Season.
२०.	मदद	Help
२१.	मुश्किल	Difficulty, trouble.
२२.	वेतन	Salary
२३	वायदा	To Promise.
२४.	शादी	Marriage.
२५.	शायद	Perhaps.
२६.	सचमुच	Certainly
२७.	हालत	Condition.

1 "Mohan why are looking so gloomy to-day?

2 "Are you feeling alright ?"

3 "Brother Sohan I am in a great difficulty

4 "Why, what happened ?"

5 "Can I help you in some way ?"

6 "To-day, I got a letter from my father saying that my younger sister is sick."

7 "She had a tonsil operation."

8 "I should go to Lucknow to see her."

9 "But I do not have even ten rupees to reach there."

10 "There are still five days to get the Salary."

11 "Cretainly you are in trouble."

12 "Can you lend me some money?"

13 "Mohan it is my duty to help you."

14 "But I have so many other difficulties to face."

15 "In spite of being alone, you can Save nothing, then, you can imagine my condition easily."

16 "I have a family."

17 "We have not paid the house-rent even for last month."

18 "And if would not pay this time the land-lord will give warning to push us out."

19 "But as soon as I get the salary I will return you the money."

20 "But I do not have anything to give you at this moment."

21 "The winter has come. Only yesterday we bought some woollen clothes for the children."

22 "Alright I will see if Ram can help me."

23 "Come in Mohan, what brought you here to-day?"

24 "I think, you know that my sister is sick."

25 "I want to see her."

26 "Will you lend me some money?"

27 "Mohan I would have been happy to help you."

28 "But I am helpless, hardly I save for my own food."

29 "In summer our crops were destroyed in floods."

30 "So, everymonth I send home half of my salary."

31 "Well Subodh is expected to be here just now, you better talk to him."

32 "There he comes."

33. "Subodh if I ask you for some money to-day, will you give me?

34 "Money — from me?"

35 "I was just going to ask you the same thing."

36 "My younger brother is going to marry."

37 "I promised to my father, to give him a thousand rupee, but I could not save more than five hundred."

38 "And I must leave by to-night's train."

39 "Thanks very much."

१. "आज आप उदास क्यों हैं ?"

२. "क्या वह भी आज उदास है ?"

३. "क्या उस ने आप की कुछ मदद की ?"

४. "क्या आप का गला खराब है ?"

५. "आप के मकान का किराया कितना है ?"

६. "आप ने एक हज़ार डालर किस से उधार लिये हैं ?"

७. "क्या आप हर रोज़ अपने घर पत्र लिखते हैं ?"

८. "ग़रीब बच्चों की मदद करना क्या आप का फ़र्ज़ नहीं ?"

९. "काफी पी कर क्या वह चला गया ?"

१० "क्या आप के पास काफी गर्म कपड़े हैं ?"

११ "क्या अध्यापक ने उसे चमकी दी ?"

१२ "आप का मकान कितना बड़ा है ?"

१३ "क्या बाद में उस की सब फसल खराब हो गई

१४ "उस को कितना वेतन मिलता है ?"

१ "मोहन जी, मैं ने आप का परिचय, अपने मित्र सोहन जी से करवा दिया है।"

२ "अब आप दोनों बात कर लें।"

३ "मैं ~~जरा~~ बाज़ार जा रहा हूँ।"

४ "बहुत अच्छा श्यामलाल जी।"

५. "हां मोहन जी, मैं ने सुना है कि आप अपना कारोबार बेचना चाहते हैं।"

६ "जी हां, आप ठीक कह रहे हैं।"

७ "आप कैसा कारोबार करते हैं?"

८ "जी मेरी फर्नीचिर की दुकान है।"

९ "कहाँ?"

१० "कनाट प्लेस में 'रीगल' सिनेमा के पास।"

११ "आप किस तरह का फर्नीचर रखते हैं?"

१२ "हमारी दुकान में पलँग श्रृंगार मेज़, सोफा सेट खाने का मेज़ और कुर्सियाँ हैं।"

१३ "इस के इलावा, अगर हमारा कोई ग्राहक, किसी ख़ास किस्म की चीज़ बनवाना चाहता है, तो हम बनवा देते हैं।"

१४ "क्या आप को इस काम में कुछ फायदा भी हुआ है?"

१५ "जी हां, क्यों नहीं?"

१६ "मैं ने हमेशा मेहनत और ईमानदारी से काम किया है और ख़ूब पैसा कमाया है।"

१७ "आप कब से यह काम कर रहे हैं?"

१८ "जी पिछले बीस साल से।"

१९ "लेकिन अब आप यह बेचना क्यों चाहते हैं?"

२०. "जी आजकल मेरी तबीयत कुछ ठीक नहीं रहती।"

२१. "डाक्टरों ने मुझे पूरा आराम करने को कहा है।"

२२. "अब मैं शिमला जा कर रहूँगा।"

२३ "आप अपने ग्राहकों के बारे में कुछ बता सकते हैं?"

२४ "दरअसल मेरी दुकान दिल्ली की बड़ी दुकानों में से एक है।"

२५ "मैं हमेशा अच्छा और नये नमूने का फर्नीचर रखता हूँ।"

२६ "इस लिए ग्राहकों की कमी नहीं।"

२७ "क्या सब ग्राहक आप को नकद देते हैं?"

२८ "देखो, हर दुकानदार के पास हर तरह के लोग आते हैं।"

२९. "कुछ ऐसे भी होंगे जो आप को नकद देंगे।"

३० "कुछ चैक देंगे।"

३१ और कई लोग आप को हर महीने कुछ न कुछ देने का वायदा करते हैं।"

३२ "क्यों कि वह एक ही बार में सब कीमत नहीं दे सकते।"

३३ "क्या ऐसे लोग रुपया देने में तंग तो नहीं करते?"

३४ "जी ऐसा कभी हुआ तो नहीं।"

३५ "एक यह भी बात है कि कुछ न कुछ एतबार भी करना पड़ता है।"

३६ "जी हाँ आप की बात तो ठीक है।"

३७ "आप की दुकान का नाम क्या है?"

३८ "जी, "दिल्ली फर्नीचर हाउस"।"

३९ "आप किसी भी दिन आ कर देख सकते हैं।

४०. "अच्छा मैं कल दो बजे आऊँगा।"

४१ "शौक से आइये।"

Difficult words.

१ ईमानदारी Honesty.

२. एतबार Confidence

३ कारोबार Business

४ कुर्सियाँ Chairs

५ किस्म Kind

६ खास Special

७ खाने का मेज Dining-table

८ ग्राहक Customer

९ नकद Cash

१० नमूना Design

११ पलंग Bed

१२ फायदा Profit

१३ बीस साल Twenty-years.

१४	मेहनत	Hard work
१५	वायदा	Promise
१६	शौक़ से	With pleasure
१७	शृंगार मेज़	Dresser or Dressing table.

1 "Mohan; I have introduced you to my friend Sohan."

2 "Now you can talk with each other."

3 "I am going to the bazar."

4 "O. K. MR Shyamlal."

5 "Well MR Mohan I have come to know that you want sell your business."

6 "Yes, you are right."

7 "What kind of business you have?"

8 "I have a furniture store."

9 "Where ?"

10 "In connought place near 'Regel' Cinema hall."

11 "What kind of furniture you have ?"

12 "We have dressers, Sofa-sets, beds dining-tables and chairs."

13 "Besides this, if any of our customers wants us to make something special, we arrange it.

14 "Have you had any profit in this business."

15 "Yes, why not !"

16 "I have always worked hard along with honesty and have earned a lot of money."

17 "Since how long have you been dealing with this work.?"

18 "For the last twenty years."

19 "But why do you want to sell it?"

20 "I am not feeling well these days."

21 "The doctors have advised me to take comlete rest."

22 "Now I will staying at Simla".

23 "Can you tell me something about your customers?"

24 "Look, my store is one of the biggest stores in Delhi?"

25 "I always keep nice and good furniture with new designs."

26 "So there is no shortage of customers."

27 "Do all the customers pay in cash?"

28 "Every shopkeeper deals with all sorts of customers?"

29 "Some will pay you in cash."

30 "Some will give you checks."

31 "And some people will promise you to give some amount each month."

32 "Becase they can't afford to pay the whole money at a time."

33 "Do such people cause any trouble in payment?"

34 "No it has never happened."

35 "One thing more, one has to keep confidence in others to some extent."

36 "Yes, you are right."

37 "What is the name of your store?"

38 "DELHI FURNITURE HOUSE"

39 "You can come and see any day you may like."

40 "Alright I will come to-morrow."

41 "With pleasure."

१ "क्या आप का नौकर ईमानदार है ?"

२ "क्या आप को उस पर एतबार नहीं ?"

३ "क्या उस ने नयी कुर्सियाँ खरीदी हैं ?"

४ "क्या इस को किसी खास किस्म का खाना चाहिए ?"

५ "आप का खाने का मेज़ कहाँ है ?"

६ "क्या आप का मेज़ छोटा है ?"

७ "क्या आप के सब ग्राहक हमेशा नकद पैसे देते हैं ?"

८ "क्या उसे इस काम में कुछ फायदा भी हुआ ?"

९. "आप की उमर क्या है ?"

१० "वह मेहनत करने से क्यों घबराता है ?"

११. "क्या आप ने उसे शाम को मिलने का वायदा किया है ?"

१२. "क्या आप के पास शृंगार-मेज़ है ?"

१३ "क्या आप को डाक्टर ने [illegible] आराम करने को कहा है ?"

१४. "क्या आप किसी खास काम के लिए उस के घर जा रहे हैं ?"

१. "सुधीर, कल तो बहुत ही सुहावना मौसम था, तुम तैरने के लिए क्यों नहीं आये?

२ "भाई, कल और बहुत काम करने थे इस लिये वक्त ही नहीं मिला।"

३ "कैसा काम?"

४ "मेरी बहन को कुछ चीज़ें ख़रीदनी थीं, इस लिए उस के साथ कनाटप्लेस चला गया था।"

५ "क्या क्या ख़रीदा?"

६ "सर्दी का मौसम आने वाला है और उस के पास कोई अच्छा गर्म कोट

नहीं था, इसलिये उस ने एक कोट
खरीदा।"

७ "अपनी शलवार और कमीज़ के लिये
उस ने कुछ कपड़े भी खरीदे।"

८ "मेरा स्वैटर बुनने के लिये कुछ ऊन
भी ली।"

९ "उपन्यास और कहानियाँ पढ़ने का भी
तो उसे बहुत शौक है।"

१० "इस लिये हम 'रीगल पुस्तक भँडार' में
भी गए।"

११ "कौन कौन सी पुस्तकें खरीदीं?"

१२ "प्रेमचन्द के दो उपन्यास "निर्मला" और
"गोदान" खरीदे।"

१३ "मुझे कुछ रुपयों की ज़रुरत थी इस लिए बैंक भी जाना पड़ा।"

१४ "क्या दुकानदार चैक नहीं लेते ?"

१५ "जी, ले तो लेते हैं लेकिन नकद लेना ज़्यादह पसंद करते हैं।"

१६ "इस के बाद मेरी बहन दर्ज़ी की दुकान पर जाना चाहती थी।"

२० "लेकिन मैं वहां जा कर वक्त ख़राब नहीं करना चाहता था, इस लिये बाल कटवाने के लिये हज्जाम के पास चला गया।"

२८ "हज्जाम की दुकान पर काफ़ी भीड़ थी
इस लिये वहाँ काफी वक्त लग गया।"

२९ "आप ने पहले उस को फ़ोन कर
के वक्त तय क्यों नहीं कर लिया?"

३० "लेकिन बेचारे हज्जाम के पास फ़ोन
ही कहाँ है?"

३१ "जब हम हम घर आये तो देखा कि
मेरे सब कपड़े ही मैले हैं।"

३२ "इस लिये खाना खाने के बाद धोबी
के पास गया।"

३३ "उस ने धुले हुए कपड़े लाने में
देर कर दी थी।"

२४ "इस का मतलब कल तुम काफी व्यस्त
रहे।"

२५ "जी हाँ।"

२६ "मैं ने तुम्हारी यह नकटाई पहले कभी
नहीं देखी।"

२७ "जी, मैं ने यह कल ही ख़रीदी है।"

२८ "कितने की ली है?"

२९ "पच्चीस रुपये की।"

३० "अच्छा आओ अब चलें।"

कठिन शब्द

१.	उपन्यास	Novel
२.	कहानी	Story
३	तैरना	To Swim
४	नकटाई	Necktie
५	पुस्तक	Book
६	बुनना	To knit
७	व्यस्त	Busy
८.	सुहावना	Pleasant

1 "yesterday it was very pleasant Sudhir, why didn't you come for swimming?"

2 "yesterday, I had so many other things to do, so I could not get time to come."

3 "What sort of work?"

4 "My sister wanted to do some shoppin so we went to connaught place."

5 "What did you buy?"

6 "She did not have any nice wollen coat and the winter is coming soon, so she bought one coat."

7 "She also bought some pieces of clothes for her shirts and 'Salwars'."

8 "She bought some wool to knit my sweater."

9 "She is very fond of reading novels and stories."

10 "We went to the "Regal Book Store"."

11 "Which books did you get?".

12 "We bought two novels by Prem Chand 'Nirmala' and 'Godan'."

13 "I required some money so we had to go to the bank."

14 "Don't the shopkeepers accept the checks?"

15 "Yes, they do accept but they prefer hard cash."

16 "After this my sister wanted to go to the tailor's shop."

17 "But I didn't want to waste my time there, so I went to the barber's shop for my hair-cut."

18 "There was rush in the barber's shop so, it took a lot of my time."

19 "Why didn't you give a phone call and fixed time with the barber,?"

20 "But the poor fellow does not have a telephone?"

21 "When we reached home, I noticed that all of my garments are dirty."

22 "After dinner I went to the washerman."

23 "He was late in bringing back the washed clothes."

24 "It means you were very busy yesterday."

25 "Yes, I was."

26 "I have not seen your this necktie before?"

27 "I got it only yesterday."

28 "How much it cost?"

29 "Twenty five rupees."

30 "O.K. now let us go."

प्रश्न

१. "क्या आप कल तैरने के लिए गये थे ?"

२. "क्या आप की बहन को उपन्यास पढ़ने का बहुत शौक है ?"

३. "आप किस तरह के उपन्यास पढ़ते हैं ?"

४. "क्या आप ने यह जूता भी नया लिया है"

५. "क्या आप का जूता काटता है ?"

६. "क्या हज्जाम की दुकान पर टेलीफ़ोन नहीं है ?"

७. "क्या यहाँ कोई अच्छा सा पुस्तक-भण्डार है ?"

८. "क्या आप को कोई अँग्रेज़ी की पुस्तक चाहिए ?"

९ "क्या वह काम में बहुत व्यस्त है ?"

१० "क्या आप की बहन मोज़े भी बुन सकती है ?"

११ "क्या यह नकटाई बहुत महँगी है ?"

१२ "क्या आप का भाई कहानियाँ लिखता है ?"

13 "क्या मुझे इस सूट के लिए नयी नकटाई चाहिए ?"

1४ "आप ने अपने लिये क्या खरीदा ?"

"सतीश जी, हमें सुन कर बहुत खुशी हुई है कि आप, हमारे गाँव में कुछ ज़मीन खरीदने की सोच रहे हैं।"

"जी हाँ, विचार तो ऐसा है लेकिन पहले मैं कुछ जानकारी प्राप्त करना चाहता हूँ।"

"ज़रूर, आखिर आप ने इतना रुपया खर्च करना है, पहले कुछ जानकारी लेनी ही चाहिये।"

